जयंती | नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह किया गया उनके छायाचित्र का पूजन

# संत रविदास जयंती पर निकली शोभायात्रा




**कुम्हारी नवभारत 1 फरवरी।** नगर में रविदास जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। संत रविदास का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी में संवत 1337 ईस्वी में माघ महीने की पूर्णिमा के दिन हुआ था। इसी वजह से हर साल माघ पूर्णिमा को उनकी जयंती मनाने की परंपरा चली आ रही है।

गुरु रविदास ने अपने जीवन और विचारों से समाज को सिखाया कि सभी इंसान बराबर हैं और भक्ति का रास्ता प्रेम व करुणा से होकर जाता है। इस अवसर पर गुरु रविदास के भजनों का गायन किया गया। संत रविदास ने एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। नगर मे पहले संत का पूजन किया गया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई।

### संत रविदास के छायाचित्र का किया गया पूजन

शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह संत रविदास के छायाचित्र का पूजन किया गया। शोभा यात्रा में पूर्व विधायक व जिला पंचायत सदस्य साहिल सिंह, बेनी सिंह, लाल सिंह, राजेंद्र यादव, विजय ठाकुर सहित दयाली, चेमन, दांदी चौधरी, कनू, बल्ली, मोती, नन्नु चौधरी, हरवंश चौधरी, राहुल चौधरी, बैजनाथ आदि उपस्थित रहे।

## संत रविदास की शिक्षा आज भी प्रासंगिक : पटेल



समानता और समरसता में प्रतीक संत रविदास जी के प्रकाश पर्व पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटैल ने कहा कि वह महान वृद्धिविचारक मानवीयता समता मूलक के करूणासागर थे। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि संत शिरोमणी रविदास जी मध्ययुगीन भारत के महान संत कवि एव समाज सुधारक थे। उन्होंने जाति भेद,उच नीच और छुआछुत का कड़ा विरोध किया और भाईचारों समानता व ईश्वर की भक्ति संदेश दिया। इस अवसर पर मनमोहन अहिरवार, वकील कुरैशी, खिल्लू ठाकुर, करन अहिरवार, हुकुम चंद,बाबु चौहान, पप्पू लारिया, जावेद रोजान, बैजनाथ चौधरी, सत्येन्द्र सिंह सहित अनेकों कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

## संत रविदास की झांकी निकाली गई



**नवभारत,दमोह।** संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई. बांदकपुर में बांदकपुर के मुख्य चौराहा से झांकी निकाली गई. डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए धूमधाम से निकाली गई.समाज के सभी लोग संत शिरोमणि की शोभायात्रा में सम्मिलित हुए. रविदास मंदिर में झांकी के समापन के बाद भंडारा हुआ. समाज के अध्यक्ष द्वारा संत शिरोमणि के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया.सभी ने जयकारों के साथ मंदिर में प्रसाद ग्रहण किया.



# पटेरा के बाजार में पसरा रहा सन्नाटा

सवर्ण समाज के आव्हान पर यूजीसी एक्ट के विरोध में स्वेच्छा से बंद रहा बाजार

**नवभारत,पटेरा 1 फरवरी।** सवर्ण समाज द्वारा रविवार को यूजीसी एक्ट के विरोध में किए गए भारत बंद के आह्वान का पटेरा नगर में ऐतिहासिक और व्यापक असर देखने को मिला. रविवार को नगर के व्यापारियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने एकजुटता दिखाते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे. बंद का स्वरूप इतना प्रभावी रहा कि सुबह से ही मुख्य बाजार की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और व्यावसायिक गतिविधियां पूरी तरह ठप रहीं.

बंद के समर्थन में सवर्ण समाज के नेतृत्व में एक विशाल विरोध रैली निकाली गई. यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी,जिसमें सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों का समर्थन कर रहे थे. रैली के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए प्रदर्शनकारी स्वयं अनुशासित नजर आए.स्थानीय ग्रामीणों ने भी नगर पहुंचकर इस बंद को अपना नैतिक समर्थन दिया.

### तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

रैली के समापन पर प्रदर्शनकारी बस स्टैंड पहुंचे, जहां एक सभा का आयोजन किया गया. वक्ताओं ने यूजीसी एक्ट को जनविरोधी और भेदभावपूर्ण' करार देते हुए कहा कि यह कानून समाज के विभिन्न वर्गों के हितों को प्रभावित करेगा. इसके पश्चात, समाज के प्रतिनिधियों ने पटेरा तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में इस विवादित एक्ट को तत्काल वापस लेने की मांग की गई है.

एक नजर में

## विकास को नई ऊंचाई देगा बजट : लोधी



**नवभारत,दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे अमृत काल की समावेशी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया है। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट पर्यटन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को नई दिशा देगा। राज्यमंत्री लोधी ने बजट में 15 पुरातात्विक स्थलों को अनुभवात्मक पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित करने और 10 हजार टूरिस्ट गाइड्स के कौशल विकास की पायलट योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड की स्थापना से प्रदेश के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक पहचान मिलेगी।



## युवक के गले पर चाकू से हमला, घायल

**नवभारत,हटा 1 फरवरी।** जिले के मडियादो थाना क्षेत्र के देवरी गांव में रविवार सुबह खेत जा रहे एक युवक पर गांव के ही युवक ने गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया. युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल लेकर गए. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना की जानकारी देते हुए घायल भगवान दास रजक 40 की पत्नी कुसुम रानी ने बताया कि उसके पति चंदा साहू के खेत पर लौंकी तोड़ने जा रहे थे.इसी दौरान गांव के ही धनीराम ने पीछे से गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया. घटना के बाद आरोपी भाग निकला. उनके पति के चिल्लाने की आवाज सुनते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए हटा स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे.जहां प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है.घायल की शिकायत पर मडियादो पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.



## सेवानिवृत्त शिक्षक रोशन सिंह को दी बिदाई

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 1 फरवरी।** केवलारी उपाध्याय एकीकृत माध्यमिक शाला केवलारी उपाध्याय में पदस्थ रहे शिक्षा-जगत के सशक्त स्तंभ, सहज-सरल स्वभाव व अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक रोशन सिंह धुर्वे का 41 वर्षों की निष्कलंक, समर्पित व प्रेरणादायी सेवा के पश्चात बिदाई व सम्मान समारोह भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भावसिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि रोशन सिंह धुर्वे जैसे शिक्षक किसी भी विद्यालय की पूंजी होते हैं. समारोह का संचालन महेंद्र दीक्षित एवं मनोज राजपूत द्वारा किया गया, जबकि ब्रजमोहन राजपूत ने आभार प्रदर्शन किया.समारोह के अंत में रोशन सिंह धुर्वे को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया.



## हिनोता मलवारी में शासकीय भूमि मुक्त कर किया सीमांकन

**नवभारत,दमोह।** बटियागढ़ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए हिनोता मलवारी गांव में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर सीमांकन किया। यंहा खसरा नम्बर 239 के रकवा 0.61 हेक्टेयर पर चूना लाइन डाली गई। इस दौरान बटियागढ़ थाना पुलिस, राजस्व आर आई और पटवारी मौजूद रहे।कार्यवाही के सम्बंध में तहसीलदार योगेंद्र चौधरी ने बताया उक्त भूमि पर टँकी निर्माण किया जाना है, भूमि से कब्जा हटाकर सीमांकन के बाद आज जल निगम विभाग को भूमि सोंपी गई,मौका पंचनामा कार्यवाही की गई।

# बुंदेली संस्कृति की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मन मोहा

17 दिवसीय बुंदेली दमोह महोत्सव का समापन



**नवभारत, दमोह 1 फरवरी।** बुंदेली संस्कृति, लोककला और परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित 17 दिवसीय बुंदेली दमोह महोत्सव का समापन गरिमामय और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।

अंतिम दिन महोत्सव में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सहयोगियों का सम्मान किया गया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। महोत्सव के समापन से एक दिन पूर्व रात्रि10:30 बजे तक बुंदेलखंड की प्रसिद्ध लोकगायिका कविता शर्मा ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर पूरे मेले के माहौल को संगीतमय बना दिया। लगभग दो घंटे तक चली प्रस्तुति में कविता शर्मा के बुंदेली गीतों पर दर्शक झूमते-नाचते नजर आए। उनकी सुमधुर आवाज और पारंपरिक गीतों ने बुंदेली संस्कृति की गहराई को मंच पर जीवंत कर दिया।

### लोकप्रिय गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

महोत्सव के अंतिम दिन स्थानीय ऑर्केस्ट्रा टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए लोकप्रिय गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत, ताल और उत्साह से भरे इस कार्यक्रम ने महोत्सव को यादगार बना दिया। इस अवसर पर बुंदेली गौरव न्यास के पदाधिकारियों ने महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों, संस्थाओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सामाजिक समरसता की झलक देखने मिली

न्यास के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के सहयोग से ही ऐसे सांस्कृतिक आयोजन संभव हो पाते हैं। उल्लेखनीय है कि 17 दिनों तक चले इस महोत्सव में बुंदेली लोकसंस्कृति, गीत-संगीत, कला और सामाजिक समरसता की सुंदर झलक देखने को मिली, जिसने न केवल दमोह बल्कि आसपास के क्षेत्रों से आए दर्शकों को भी बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ा।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से

**नवभारत,दमोह 1 फरवरी।** श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन राजनगर वाईपास पटैल चौराहा पर किया जा रहा है। 2 फरवरी को कलश यात्रा दोपहर 12 बजे से बाईपास चौराहा मराहार से कंकाली मंदिर मानस पाठ तक निकाली जाएगी।

आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को प्रथम भक्ति ज्ञान वैराग्य व धुंधकारी चरित्र, बुधवार को महाभारत चरित्र, पारिक्षित जन्म प्रहलाद चरित्र, गुरूवार को राम जन्म व कृष्ण जन्म महोत्सव, शुक्रवार को बाल लीलाएं, माखन चोर, छप्पन भोज शनिवार को कंश वध, कृष्ण रूकमणी विवाह रविवार को सुदामा चरित्र पारिक्षित मोक्ष शुक्रदेव गमन एवं 9 फरवरी सोमवार को हवन, भंडारा व गंता समारोह का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास परमश्र द्वेय पं. कमलेश्वरानंद महाराज होंगे, जिनके प्रवचन दोपहर 02:30 बजे से प्रारंभ होंगे।



## 35 शिक्षक व 5 स्कूलों को किया सम्मानित

अभाना जनशिक्षा केंद्र में नवाचार

**नवभारत,दमोह 1 फरवरी।** शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों के उत्साहवर्धन हेतु जनशिक्षा केंद्र अभाना में एक अनूठा नवाचार किया गया। यहां आयोजित शैक्षिक संवाद सह शिक्षक सम्मेलन में पहली बार जनशिक्षा केंद्र स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 35 शिक्षकों और 5 विद्यालयों को सम्मानित किया। अधिकारियों ने बताया जिले के लिए मिसाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) मुकेश द्विवेदी, बीआरसी ललित रैकवार व डाइट हटा के प्राचार्य आरपी. विश्वकर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे जिले के लिए एक मिसाल बताया। अधिकारियों ने जनशिक्षक रघुवर तिवारी व नरेन्द्र अहिरवाल द्वारा किए गए इस प्रयास को सराहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अरविन्द गर्ग, सुनील कुमार पटेल, अतुल भरद्वाज, ब्रम्हजीत राजपूत,कनिष्क साहू, कुमकुम राजपूत, वंदना यादव, रुकमनी मिश्रा, प्रगति अवस्थी, विनीता सोनी, गंगा राजपूत, गोविन्द अहिरवाल, शिवराज यादव, मलखान सिंह, विद्या पटेल, सदन नेमा, चित्तर सिंह, वंदना साहू, रिंकी गर्ग, वीरेंद्र अहिरवाल, प्रहलाद आठया, लक्ष्मण पटेल, गजेन्द्र सिंह,जगनाथ पाल व वीर सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छ व सुंदर विद्यालय श्रेणी में शासकीय माध्यमिक शाला अभाना, शासकीय माध्यमिक शाला झिन्ना, शासकीय माध्यमिक शाला अधरोटा, शासकीय प्राथमिक शाला मुंडी और शासकीय प्राथमिक शाला ऊपरटोला को पुरस्कृत किया गया।



## मां नर्मदा रसोई परिवार ने किया भंडारा

**नवभारत,हिंडोरिया 1 फरवरी।** मां नर्मदा रसोई परिवार की ओर से रविवार को जागेश्वर धाम बांदकपुर में माघ पूर्णिमा पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें आस-पास के हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। मां नर्मदा मैया की विशेष पूजा अर्चना कर उन्हें भोग लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सबसे पहले कन्याओं के पैर धोकर उन्हें खाना खिलाया गया और उन्हें दक्षिणा भी दी गई। भंडारे का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू हुआ और शाम के 4 बजे तक चलता रहा। इसमें आस-पास के गांवों लोगों ने पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शास्त्री मनोज तिवारी, भवानी सोनी, महेश उपाध्याय, अन्नू राजपूत, प्रमोद उपाध्याय, सतीश उपाध्याय, दमोह बजरंग दल संयोजक गोलू चौबे, राजेंद साहू, भगीरथ पटेल, रामसिंह ठेकेदार सहित बजरंगदल एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 1006 रोगियों का परीक्षण कर दीं नि :शुल्क दवाइयां

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नवभारत,पथरिया 1 फरवरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसका का शुभारंभ कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं लोकेन्द्र (लकी) पटेल द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया

इस दौरान डॉ. रीता चटर्जी जिला स्वास्थ्य अधिकारी, महेश पटेल भाजपा जिला महामंत्री, उदयभान पटेल जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, सुंदरलाल विश्वकर्मा अध्यक्ष नप पथरिया, कुलदीप पटेल युवा मंडल अध्यक्ष, मनोज खरे राज्यमंत्री निज सचिव, झब्बू सिंह नंदरई भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता, प्रीतम पटेल भाजपा नेता उपस्थित रहे।




### इन डॉक्टरों ने दीं सेवाएं

शिविर में सुपर स्पेशलिटी ग्रुप सागर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. राजेश पटेल ग्रेस्ट्रो, डॉ. शिवम गौर न्यूरोसर्जन, डॉ. चन्द्रशेखर रावत न्यूरोलॉजिस्ट, डॉ. रोहित नामदेव यूरोजॉजिस्ट, डॉ. प्रियंका पटेल स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ. विवेक सुपाहा प्लास्टिक सर्जन, डॉ. मधुर जैन कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. श्वेता गौतम एमडी मेडीसिन, डॉ. विनयदीप बिदौल्या हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. आशीष मिश्रा फिजियोथेरेपिस्ट, डॉ. राजेश नामदेव शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. गौरव जैन जिला क्षय अधिकारी, डॉ.राकेश राय नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. हेमंत वहेरिया दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा 1006 रोगियो का परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयां प्रदाय की गई।

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवा की प्रशंसा की

कलेक्टर सुधीर कोचर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा की, साथ ही डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सेवाओं को सराहा। शिविर में समस्त केमिस्ट व मेडीकल संगठन एवं अन्य समाज सेवियों द्वारा विशेष सहयोग दिया गया। शिविर में सुपर स्पेशलिटी ग्रुप द्वारा सीएचसी पथरिया को एक ईसीजी मशीन भी प्रदाय की गई। डॉ. जतिन दुबे सीबीएमओ द्वारा आभार प्रकट किया गया।

सम्मेलन | विजयनगर बस्ती के हिंदू सम्मेलन में शामिल हुए भगवताचार्य नीरज नयन और वैष्णवी गर्ग, भारी संख्या में शामिल हुए हिंदू समाज के लोग

# भारत की वीरता में शामिल है राम, सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा : प्रजापति



**नवभारत, दमोह 1 फरवरी।** शहर के विजयानगर पार्क में आयोजित हिंदू सम्मेलन में विजयनगर, एलोरा कॉलोनी वसुंधरा कॉलोनी, मधुवन होम्स सुरेखा कॉलोनी व अभिनव होम्स के हिंदू समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। हिंदू सम्मेलन के शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रचलित कर चित्र पर माल्यार्पण कर किया.

इसके पश्चात कॉलोनी की मंडली द्वारा हनुमान चालीसा भजन, अरदास पाठ, और णमोकार पाठ किया गया। अतिथियों का श्रीफल, तिलक, माला से स्वागत किया गया. कार्यक्रम में डॉ. मोनिका पालीवाल ने कुटुंबू प्रावधान, स्वदेशी, समरसता, आत्मनिर्भर भारत पर अपना वक्तव्य दिया. इसके पश्चात वैष्णी गर्ग ने समस्त हिंदू समाज को संगठित होने का आग्रह किया और कहा कि देश में विभिन्न जाति वर्ग में बंटकर नहीं रहे.

### भारत की वीरता में राम है : प्रजापति

इसके पश्चात नीरज नयन ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू समाज को एकत्रित करने के लिए संगठन द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. यह कार्य बहुत ही सराहनीय है और हिंदू समाज को एकत्रित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। मुख्य वक्ता छकूलाल प्रजापति सह विभाग कार्यवाह ने संघ के 100 वर्ष के कार्य के बारे में प्रकाश डाला. श्री प्रजापति ने कहा कि भारत की वीरता में राम है और नारी के रूप में सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा भी है.

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन के संयोजक नीरज चौरसिया पटवारी, सहसंयोजक सीमा जाट, सहसंयोजक राजेश ताम्रकार, व्यवस्था टोली में महेंद्र, योगेश जाट, दीपक जैन, स्वागत टोली में संदीप पाठक संदीप गुप्ता, देवेंद्र मिश्रा, धर्मेंद्र जूदेव, नंदकिशोर रहे,सतीश जैन,दीपक पटेल उपस्थित रहे. संचालन सीमा जाट और राजेश ताम्रकार ने किया. आभार प्रदर्शन नीरज चौरसिया ने किया.

## नयन महाराज ने किए भोले बाबा के दर्शन

असाटी समाज दमोह के संस्कार भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान पधारे नीरज नयन महाराज ने परिकर वेद प्रकाश नागर व अनिकेत दुबे के साथ समिति सदस्यों सहित बांदकपुर पहुंचकर प्रसिद्ध श्री जागेश्वर नाथ धाम में भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए. इस अवसर पर कथा वाचकों द्वारा जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि व जनकल्याण की कामना की गई. दर्शन-पूजन के दौरान मंदिर प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक, केदारनाथ दुबे,राम प्रताप पंडित, शंकर गौतम वासु गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे.

